प्रेस हेतु सूचना (प्रेस विज्ञप्ति सं. 73 /2025)

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

https://www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 7 अगस्त 2025

तत्काल प्रकाशन हेतु

# भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने पूर्वोत्तर लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र के अंतर्गत अरुणाचल प्रदेश राज्य में ईटानगर और नाहरलागुन शहर और उनके आसपास के क्षेत्रों, दीमापुर और कोहिमा जिलों और नागालैंड राज्य में आसपास के क्षेत्रों और अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर से बुमला दर्रा (तवांग) राजमार्ग (एन एच-13) तक नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने जून 2025 के महीने में पूर्वोत्तर लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एल.एस.ए.) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राईव टेस्ट के निष्कर्ष जारी किए, जिसमें अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर, नाहरलागुन और नागालैंड के दीमापुर, कोहिमा के व्यापक शहरी मार्ग और एन.एच.-13 के साथ ईटानगर से बुमला दर्रा (तवांग) के **राजमार्ग** शामिल हैं। भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता की देखरेख में आयोजित ड्राइव टेस्ट को विविध उपयोग वातावरण-शहरी क्षेत्र, संस्थागत हॉटस्पॉट, ग्रामीण आवासीय क्षेत्रों आदि में वास्तविक मोबाइल नेटवर्क निष्पादन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया था।

2 जून 2025 से 23 जून 2025 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने अरुणाचल प्रदेश में एनएच-13 के साथ ईटानगर, नाहरलागुन, ईटानगर से बुमला दर्रा (तवांग) और नागालैंड में दीमापुर, कोहिमा में सिटी ड्राइव टेस्ट, हाईवे टेस्ट, 28 हॉटस्पॉट स्थानों और 1 किलोमीटर वॉक टेस्ट को कवर करते हुए विस्तृत परीक्षण किए। मूल्यांकन की गई प्रौद्योगिकियों में 2जी, 3जी, 4जी और 5जी शामिल हैं, जो विभिन्न क्षमताओं वाले हैंडसेट उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाती हैं। आईडीटी के निष्कर्षों की सूचना सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही दी जा चुकी है।

**मूल्यांकन किए गए प्रमुख मानदंड:**

**क) वॉइस सेवाएं**: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सीएसएसआर), ड्रॉप कॉल रेट (डीसीआर), कॉल सेटअप टाईम , कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एमओएस), कवरेज।

**ख) डाटा सेवाएं**: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट, तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले।

ईटानगर और नाहरलगुन, अरुणाचल प्रदेश और ईटानगर से बुमला दर्रा, एनएच-13 के साथ तवांग और दीमापुर और कोहिमा, नागालैंड में समग्र मोबाइल नेटवर्क निष्पादन का सारांश नीचे दिया गया है

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट**: ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 90.11%, 49.45%, 89.73% और 67.18% % रहा।

**ड्रॉप कॉल रेट** : ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 1.23%, 6.41%, 2.17% और 3.68% रहा।

**5G डाटा सेवाएं**: अधिकतम डाउनलोड स्पीड 299.92 Mbps तथा हौटस्पॉट में अधिकतम अपलोड स्पीड 44.38 Mbps दर्ज की गई।


**ईटानगर और नाहरलागुन, अरुणाचल प्रदेश** में मूल्यांकन में-होलोंगी चरियाली, चकमा-6, पोम, चिंपू, डोनी कॉलोनी, सी सेक्टर, बी सेक्टर, सूद, पापू नाला, लोबी दरिया, हिमालयन यूनीवर्सिटी , ताराजुली, निर्जुली विलेज और दोइमुख आदि क्षेत्र शामिल थे। भादूविप्रा ने (i) अरुणाचल प्रदेश स्टेट एसेंबली, (ii) कर और उत्पाद शुल्क कार्यालय के आयुक्त, (iii) दैनिक बाजार नया, नाहरलगुन, (iv) रामकृष्ण मिशन अस्पताल में **स्टैटिक टेस्टिंग** के माध्यम से और **वॉक-टेस्ट** के माध्यम से (i) डोनी पोलो हवाई अड्डा, ईटानगर, (ii) नाहरलगुन (ईटानगर) रेलवे स्टेशन जैसी वास्तविक स्थितियों में भी नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया गया।


**इटानगर से बुमला दर्रा (तवांग) तक राष्ट्रीय राजमार्ग** (एन एच-13) के साथ-साथ सागली, राची, पक्के केसांग, रिल्लोह, जोलांग, पंपोली, बाना, पालीज़ी, बुरागांव, किमी गाँव, टेंगा घाटी, बोमडिला, थेमबांग, दिरांग गाँव, रामा शिविर, सेंगे, लोउ जांग, ख्रिमु और त्वांग आदि क्षेत्रों में इंटरसिटी यात्रा के दौरान सेवा की गुणवत्ता को परखने के लिए टेस्ट किया गया । भादूविप्रा ने (i) जसवंतगढ़ वार मैमोरियल, (ii) सेला पास, (iii) यूनिट हौस्पीटल, (iv) गवर्मेंट आईटीआई कॉलेज, (v) बोमडिला मार्केट, (vi) बॉल ऑफ फायर म्यूजियम, (vii) पालीज़ी कैथोलिक चर्च, (viii) गवर्मेंट रैजीडेंशियल स्कूल , (ix) डाकघर, सेप्पा, (x) गवर्मेंट मिटिल स्कूल (xi) अतिरिक्त उपायुक्त, सगली कार्यालय, (xii) लैप्टाप बैपटिस्ट चर्च, (xii) गवर्मेंट माध्यमिक विद्यालय, तोरू, (xiv) होज-याजी मार्केट , (xv) सोपो मार्केट, (xvi) गवर्मेंट कॉलेज दोईमुख जैसी वास्तविक स्थितियों में भी नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया गया।

**दीमापुर और कोहिमा, नागालैंड में** मूल्यांकन के क्षेत्रों में शामिल हैं-खुशियाबिल, नागरजन, थाहेखू, पदमपुखारी, निहोतो, मेदजीफेमा, मेंगुजुमा, किरुफे, सेचु (जुब्ज़ा), मेरीमा, कोहिमा विले, रुसोमा, चीडेमा और फेसामा आदि। भादूविप्रा ने (i) दीमापुर रेलवे स्टेशन, (ii) दीमापुर हवाई अड्डा, (iii) नूने रिसॉर्ट, (iv) एनआईटी नागालैंड, (v) नागालैंड मेडिकल कॉलेज, (vi) कोहिमा न्यू हाई कोर्ट, (vii) नागालैंड विश्वविद्यालय, (viii) कोहिमा राज भवन जैसी वास्तविक स्थितियों में भी नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया ताकि स्टेशनरी उपयोगकर्ता के अनुभव को प्रतिबिंबित किया जा सके।

**सेवा गुणवत्ता के प्रमुख मानदंडों पर निष्पादन :**

सीएसएसआर: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (प्रतिशत में), सीएसटी: कॉल सेटअप टाईम (सेकंड में), डीसीआर: ड्रॉप कॉल रेट (प्रतिशत में), एमओएस: मीन ओपिनियन स्कोर




***सारांश – वॉइस सेवाएं***

***कॉल सेटअप सक्सेस रेट*** : *ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 90.11%, 49.45%, 89.73% और 67.18 % रहा।*

***कॉल सेटअप टाईम :*** *ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः 4.57, 3.22, 0.87 सेकेंड और 2.3 सेकेंड रहा।*

***ड्रॉप कॉल रेट :*** *ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 1.23%, 6.41%, 2.17% और 3.68% रहा।*

***कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:*** *पैकेट स्विच्ड नेटवर्क (5G/4G) में एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. का कॉल साइलेंस रेट क्रमशः* 4.43, 3.12%, 8.78% *और* 7.22% *रहा।*

***मीन ओपिनियन स्कोर (एमओएस):*** *एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. का औसत क्रमशः*3.96, 2.57, 3.74 *और* 4.22 *रहा।*

***सारांश – डाटा सेवाएं***

***डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):*** *एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 80.01 Mbps, बी.एस.एन.एल. (4G/3G/2G) की 3.27 Mbps, आर.जे.आई.एल. (5G/4G) की 91.09 Mbps तथा वी.आई.एल. (4G/2G) की 20.89 Mbps रही।*

***डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र):*** *एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 15.84 Mbps, बी.एस.एन.एल. (4G/3G/2G) की 3.65 Mbps, आर.जे.आई.एल. (5G/4G) की 8.30 Mbps तथा वी.आई.एल. (4G/2G) की 6.93 Mbps रही।*

**डाटा प्रदर्शन – हॉटस्पॉट (Mbps में):**

| | | |
|---|---|---|
| एयरटेल- | 4G D/L: 22.44 | 4G U/L: 8.50 |
| | 5G D/L: 155.38 | 5G U/L: 44.38 |
| बीएसएनएल- | 4G D/L: 7.54 | 4G U/L: 9.01 |
| आरजेआईएल- | 4G D/L: 38.55 | 4G U/L: 7.45 |
| | 5G D/L: 299.92 | 5G U/L: 25.16 |
| वीआईएल- | 4G D/L: 16.59 | 4G U/L: 8.02 |

**नोट- "D/L" डाऊनलोड स्पीड, "U/L" अपलोड स्पीड**

ये टेस्ट भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों और मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करके रीयल-टाईम परिवेश में किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री बी. प्रवीण कुमार, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता), भादूविप्रा से ईमेल: adv.kolkata@trai.gov.in या दूरभाष संख्या: +91-33-22361401 पर संपर्क किया जा सकता है।

बी. प्रवीण कुमार 7/8/2025

(बी. प्रवीण कुमार)

सलाहकार, भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता